देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 44 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**गांधी या आंबेडकर



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 17 मई 2022



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 24.0°

42243.41

2 तस्वीर की 96 करोड़ रुपए लगी बोली

7 साइमंड्स की एक ख्वाहिश रह गई अधूरी

# नेपाल के बिना भगवान राम भी अधूरे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी नेपाल दौरे पर हैं। मोदी सोमवार सुबह वायुसेना के हेलिकाप्टर से लुंबिनी पहुंचे। लुंबिनी पहुंचने पर नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने उनका जोरदार स्वागत किया। मोदी लुंबिनी में सबसे पहले महामाया देवी मंदिर गए। माया देवी मंदिर में उन्होंने पूजा की। इस दौरान पीएम देउबा भी उनके साथ थे। संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सारनाथ, बोधगया और कुशीनगर से लेकर नेपाल में लुम्बिनी तक ये पवित्र स्थान हमारी सांझी विरासत और सांझी मूल्यों का प्रतीक है। हमें इस विरासत को साथ मिलकर विकसित करना है और आगे समृद्ध भी करना है। पीएम मोदी ने कहा कि जनकपुर में मैंने कहा था कि नेपाल के बिना हमारे भगवान राम भी अधूरे हैं। भारत में राम मंदिर बनने से नेपाल भी उतनी ही खुशी महसूस कर रहा है।

## बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर नेपाल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**लुंबिनी में पीएम मोदी ने किया कार्यक्रम को संबोधित**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि नेपाल में लुम्बिनी म्यूजियम का निर्माण भी दोनों देशों के साझा सहयोग का उदाहरण है। आज हमने लुम्बिनी Buddhist University में डा. अम्बेडकर Chair for Buddhist Studies स्थापित करने का भी निर्णय लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर मेरा जन्म हुआ, गुजरात का वडनगर, वो सदियों पहले बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था।

**पीएम देउबा प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति पर जताई प्रसन्नता**

नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने लुंबिनी में बुद्ध जयंती कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी की इस पवित्र भूमि पर पीएम मोदी का स्वागत करते हुए आज बेहद खुशी हो रही है। इस पवित्र भूमि में इस विशेष समारोह में पीएम मोदी की उपस्थिति बेहद खास है।

**पीएम देउबा के साथ की द्विपक्षीय वार्ताः** पीएम मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ लुंबिनी में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विकास, पनबिजली और संपर्क जैसे कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

**बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखीः** पीएम मोदी ने बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला भी रखी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री नेपाल सरकार के तत्वावधान में लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल रहेंगे।

**भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात कीः** पीएम मोदी ने लुंबिनी में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात भी की। भारतीय लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। भारतीय लोग वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।



### कुल छह समझौते पर हुए हस्ताक्षर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान आज कुल छह समझौता पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान–प्रदान किया गया। वहीं नेपील समकक्ष के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में जल विद्युत, विकास और कनेक्टिविटी को लेकर चर्चा हुई।

### बौद्ध शिक्षा का केंद्र थी मेरी जन्मस्थली

नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात के वडनगर, जिस स्थान पर मेरा जन्म हुआ, वह सदियों पहले बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। आज भी वहां प्राचीन अवशेष निकल रहे हैं जिनके संरक्षण का काम जारी है। नेपाल में लुम्बिनी म्यूजियम का निर्माण भी दोनों देशों के साझा सहयोग का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बुद्ध ने सिर्फ उपदेश नहीं दिया बल्कि ज्ञान की अनुभूति भी कराई। बुद्ध ने एहसास कराया कि प्राप्ति से ज्यादा महत्व त्याग का होता है। बुद्ध ने चमत्कार से लोगों के कल्याण का दावा नहीं किया बल्कि लोगों को वह उपदेश दिया जो उन्होंने खुद जिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### गेस्ट हाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला व्यक्ति का शव

**संवाददाता** मसूरी। गेस्ट हाउस में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस एसआई विनय शर्मा के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति बीते 9 मई को मसूरी आया था और गेस्ट हाउस में रुका हुआ था। वो मसूरी में नौकरी की तलाश कर रहा था।

### बिना रजिस्ट्रेशन लौटाए जा रहे यात्री, होटल एसोसिएशन नाराज

**संवाददाता** उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा पर बिना पंजीकरण के आ रहे यात्रियों को वापस भेजने के विरोध में उत्तरकाशी के होटल कारोबारी सोमवार को मणिकार्णिका घाट पर जल समाधि लेने पहुंचे। जैसे ही व्यापारी जल समाधि लेने भागीरथी नदी में उतरे जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें ऐसा करने से रोका।

## आस्था



### बुद्ध पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगाने उमड़ी भारी भीड़

हरिद्वार। बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर धर्म नगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। भोर से ही हर की पैड़ी समेत आसपास के गंगा घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। मनसा देवी और चंडी देवी के दर्शन को भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से यातायात प्लान भी जारी किया गया है। सोमवार को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक जिले में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इधर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते धर्म नगरी के व्यापारियों के चेहरे खिले हैं।

**विशेष महत्वः** बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और दान पुण्य करने से मनोकामना पूरी होती है।

# ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे में मिला शिवलिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के दौरान सोमवार को साक्ष्य के तौर पर शिवलिंग मिलने के बाद वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से अदालत में इस बाबत एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसपर शिवलिंग की सुरक्षा को लेकर अदालत ने आदेश जारी किया है। माना जा रहा है कि आदि विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग का असली स्थान ज्ञानवापी ही था। जिसकी ओर काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र में मौजूद नंदी का मुख सदियों से विद्यमान है। हिंदू मान्यता के अनुसार नंदी का मुख सदैव शिवलिंग की ओर ही होता है। ऐसे में नंदी की मूर्ति का मुख ज्ञानवापी मस्जिद की ओर होने की वजह से ही हिंदू पक्ष की ओर से मस्जिद के सर्वे की मांग लंबे समय से उठ रही थी।

इस बाबत अधिवक्ता हरिशंकर जैन की ओर से प्रस्तुत कार्रवाई की रिपोर्ट को प्रार्थना पत्र के साथ सोमवार को प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि दिनांक 16 मई को शिवलिंग मस्जिद कांप्लेक्स के अंदर एडवोकेट कमिश्नर की कमीशन कार्यवाही के दौराना पाया गया है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य है इसलिए सीआरपीएफ कमांडेंट को आदेशित किया जाए कि वह इसे सील कर दें। जिलाधिकारी वाराणसी को आदेशित किया जाए कि वहां मुसलमानों का प्रवेश वर्जित कर दें। मात्र 20 मुसलमानों को नमाज अदा करने की इजाजत दी जाए और उन्हें वजू करने से भी तत्काल रोक दिया जाए।

पत्र में कहा गया है – मेरे द्वारा संपूर्ण पत्रावली का परिसीमन किया गया है। वादी गण द्वारा प्रस्तुत कर कहा गया कि आज दिनांक 16 मई को शिवलिंग मस्जिद कांप्लेक्स के अंदर दौरान कमीशन द्वारा पाया गया यह बहुत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य है।

**सर्वे**

■वाराणसी कोर्ट ने जगह को सील करने का दिया आदेश

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में अवैध खनन, भण्डारण एवं अवैध परिवहन की सूचनाओं पर नियमित छापेमारी करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देशों क्रम तहसील सदर अन्तर्गत उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार एवं तहसील विकासनगर अन्तर्गत उप जिलाधिकारी विकासनगर सौरभ असवाल द्वारा अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत 15 मई को रात्रि को अवैध खनन एवं खनन के अवैध पर परिवहन पर राजस्व विभाग एवं सम्बन्धित विभागों की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी अभियान चलाया गया।

डीएम डॉ आर राजेश कुमार ने सभी उप जिलाधिकारियों को अवैध खनन पर त्वरित कार्यवाही करने तथा छापेमारी अभियान को नियमित चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**छापेमारी अभियान को नियमित चलाए जाने के निर्देश**